e-paper : www.dailynewsactivist.com लखनऊ, शुक्रवार, 18 मई 2018, जेष्ठ मास शुक्ल पक्ष तृतीया, संवत् 2075 विक्रमी वर्ष-11, अंक-213, पृष्ठ-12, मूल्य- ₹ 2.00, नगर संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
डेली न्यूज़ ऐक्टिविस्ट
शब्द शब्द संघर्ष

RNI NO.: UPHIN/2007/41982 संस्करण : लखनऊ ■ इलाहाबाद website : www.dnahindi.com डाक पंजीयन : एसएसपी/एल.डब्लू./एन.पी.-358/2016-18

स्टार्टअप और इनोवेशन में एसएमएस इंस्टीट्यूट अव्वल

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधक विश्वविद्यालय ने गुरुवार को संस्थानों की रैंक जारी की है। स्टार्टअप और इनोवेशन सहित क्रिएटिव कार्यक्रमों के आधार पर की गई। इसमें राजधानी के स्कूल ऑफमैनेजमेंट साइंसेस (एसएमएस) को पहला स्थान मिला है। एसएमएस इंस्टीट्यूट आधुनिक गतिविधियों में शीर्ष पर रहा है। इसलिए यह कामयाबी मिली है। एकेटीयू के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने बताया कि परिक्रमा, स्पार्क, इनोवेटिव गैलरी के साथ डॉ कलाम एन्त्रेप्रेंयूर्स लीग (केईएल) को शुरू किया गया है। इसमें प्रदेश भर के 43 संस्थानों ने प्रतिभाग किया था। लीग में दूसरा स्थान गाजियाबाद के इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज व मेरठ इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी को मिला है। विवि के सलाहकार सृजन पाल सिंह ने बताया कि रैंक जारी करने का मकसद है कि जो नए अभ्यर्थी संस्थानों में दाखिला लेना चाहते हैं उनकों पता चल सके कि किन-किन संस्थानों में स्टार्टअप और इनोवेशन पर बेहतर काम हो रहा है। जिसका लाभ उन्हें मिल सके।